# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 14 अगस्त 2025








Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

GET IT ON Google Play

by GK Search Engine

Download App

GK Search Engine GK Search Engine GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान में 11 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना राष्ट्र स्तरीय डीबीटी कार्यक्रम का आयोजन कहां किया गया?

(A) जयपुर
(B) झुंझुनूं
(C) जोधपुर
(D) इनमें से कोई नही

- *प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना – राष्ट्र स्तरीय डीबीटी कार्यक्रम 11 अगस्त 2025 को झुंझुनूं, राजस्थान में आयोजित किया गया*
- *कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी*
- *रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन 2024 की बीमा दावा राशि की पहली किश्त किसानों के खातों में डीबीटी से हस्तांतरित*
- *झुंझुनूं से राष्ट्रव्यापी स्तर पर राशि का वितरण लगभग 27 लाख फसल बीमा धारक किसानों को 1,200 करोड़ रुपये का भुगतान*
- *राज्य में अब तक कुल 148 लाख पात्र किसान*

01. हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा कितने करोड़ रूपए की लागत की माही-जवाई इंटरलिंक परियोजना को मंजूरी प्रदान की गई है?

(A) 7000 करोड़ रूपए

(B) 5000 करोड़ रूपए

(C) 10000 करोड़ रूपए

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान में जवाई बांध में पानी की कमी को दूर करने के लिए माही बांध से पेयजल आपूर्ति की जाएगी।
- राजस्थान सरकार द्वारा इसके लिए माही – जवाई इंटरलिंक परियोजना को मंजूरी दी गई।
- कुल लागत – 7000 करोड़
- इस परियोजना से सिरोही, पाली, जोधपुर व बाड़मेर जिलों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।
- 16000 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।
- परियोजना हेतु डीपीआर बनाने के लिए हाल ही में राज्य सरकार ने 15.60 करोड़ की मंजूरी दी।

02. राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम को किस क्षेत्र में स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

(A) ईंधन बचत और प्रौद्योगिकी संचालन

(B) सुरक्षा प्रबंधन और महिला सुरक्षा

(C) क्षमता सुधार और गति संचालन

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (RSRTC) को ईंधन बचत और प्रौद्योगिकी-संचालित संचालन के लिए स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- तकनीकी शाखा के अधिकारियों ने बस निगरानी में सुधार किया और नई तकनीक लागू की, जिससे एक वर्ष में 9 लाख लीटर डीजल की बचत हुई।
- इस बचत के परिणामस्वरूप RSRTC को 8 करोड़ रुपये का वित्तीय लाभ हुआ।
- उपलब्धि की अवधि: अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 तक बसों के माइलेज में उल्लेखनीय सुधार देखा गया।

**03. राजस्थान में भारतीय सेना के द्वारा 15 जनवरी 2026 को आर्मी-डे परेड का आयोजन कहां किया जाता है?**

**(A) जयपुर**

**(B) जोधपुर**

**(C) कोटा**

**(D) इनमें से कोई नही**

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

⭕ भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान के सम्मान में हर वर्ष आर्मी-डे परेड का आयोजन किया जाता है।

⭕ इस बार आगामी 15 जनवरी 2026 को यह भव्य आयोजन प्रदेश की राजधानी जयपुर में किया जाएगा।

⭕ इस आर्मी डे परेड का आयोजन भारतीय सेना द्वारा पहली बार आर्मी क्षेत्र से बाहर आमजन के समक्ष किया जाएगा।

04. जोधपुर के खेजड़ली में 3 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कब किया जाएगा?

(a) 1 से 3 सितंबर

(b) 20 से 22 सितंबर

(c) 11 से 13 सितंबर

(d) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- श्री गुरु जंभेश्वर पर्यावरण संरक्षण शोधपीठ जेएनवीयू, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान राजस्थान और खेजड़ली शहीदी राष्ट्रीय पर्यावरण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में इस बार तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन खेजड़ली के शहीद स्थल पर होगा।
- विषय रहेगा- हरित आस्था की विरासत: गुरु जंभेश्वरजी की पर्यावरण नैतिकता और अमृता देवी का बलिदान।
- आयोजन 1 से 3 सितंबर तक चलेगा, जबकि 2 सितंबर को पारंपरिक खेजड़ली मेला होगा
- सेमिनार में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के वक्ता भाग लेंगे। कार्यक्रम में जागरूकता रैलियां, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियां, और दुबई में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सेमिनार में भी भागीदारी शामिल है।

05. राजस्थान में जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए किसकी अध्यक्षता में राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति गठित की गई है?

(a) मुख्य सचिव

(b) वित सचिव

(c) निर्वाचन आयुक्त

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में  राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति गठित की गई है
- गठन की स्वीकृति – 12 अगस्त 2025 को राज्यपाल श्री हरीभाऊ बागडे द्वारा।
- राजस्थान में जनगणना- 2027  के चरण – 2

✓ प्रथम चरण :  अप्रैल से सितंबर 2026 के मध्य आयोजित होगा जिसमें संपत्ति का विवरण लिया जाएगा

✓ दूसरा चरण:  1 मार्च 2027 से शुरू होगा जिसमें व्यक्तियों की जनगणना होगी।

- राजस्थान के जनगणना निदेशक – विष्णु चरण मलिक

06. देश में पहली बार ड्रोन से कृत्रिम वर्षा का प्रयास राजस्थान के जयपुर में कब किया गया?

(A) 10 अगस्त 2025

(B) 12 अगस्त 2025

(C) 09 अगस्त 2025

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

## ⭕ देश में पहली बार ड्रोन से कृत्रिम वर्षा का असफल प्रयास राजस्थान में

♦ 12 अगस्त 2025 को रामगढ़ बांध जयपुर में, पानी की कमी को दूर करने के लिए कृत्रिम वर्षा का प्रयास किया गया।

♦ हालांकि 12 अगस्त को पहला प्रयास असफल रहा।

♦ राजस्थान में इससे पहले चित्तौड़गढ़ के घोसुंडी बांध में प्लेन के जरिए दो बार कृत्रिम वर्षा करवाई गई।

♦• कृत्रिम वर्षा के लिए सिल्वर आयोडाइड का प्रयोग किया जाता है।

♦इसके अलावा पोटेशियम आयोडाइड और ठोस कार्बन डाइऑक्साइड (सूखी बर्फ) का भी उपयोग किया जा सकता है।

07. राजस्थान प्रवासी फाउंडेशन की ओर से मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में समाज सेवा और लेखन के उत्कृष्ट कार्यों के लिए किसे राजस्थान का गौरव सम्मान दिया गया?

(A) रूमा देवी

(B) सरिता राठौड़

(C) दीया कुमारी

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान प्रवासी फाउंडेशन की ओर से मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में समाज सेवा और लेखन के उत्कृष्ट कार्यों के लिए सरिता राठौड़ को राजस्थान का गौरव सम्मान दिया गया।
- महिला सशक्तीकरण और लेखन के क्षेत्र में निस्वार्थ और उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया।

08. राजस्थान की मुस्कान कोठोत्या ने 8 से 10 अगस्त तक थाईलैंड में आयोजित इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में कौनसा मेडल जीता?

(a) गोल्ड मेडल

(b) सिल्वर मेडल

(c) ब्रोंज मेडल

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

⭕ जयपुर की मुस्कान कोठोत्या ने 8 से 10 अगस्त तक थाईलैंड में आयोजित इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीता।

⭕ मुस्कान ने अंडर-17 कैटेगरी की 49 किलो स्पर्धा के फाइनल में फिलीपींस की ऐराह मे एमेडो को हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

09. हाल ही में किस महिला हॉकी टीम ने लगातार दूसरे वर्ष 15वीं जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप जीती है?

(A) झारखंड

(B) हरियाणा

(C) महाराष्ट्र

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- झारखंड महिला हॉकी टीम ने लगातार दूसरे वर्ष 15वीं जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप जीती।
- उन्होंने फाइनल में हॉकी मैच में हरियाणा को 2-1 से हराया।

15वीं जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप काकीनांडा, आंध्र प्रदेश में आयोजित हुई

- झारखंड ने जूनियर राष्ट्रीय खिताब चार बार जीता है: 2018, 2019, 2024 और 2025
- 2025 में, झारखंड महिला हॉकी टीम ने तीनों राष्ट्रीय श्रेणियों – सीनियर, जूनियर और सब जूनियर – में जीत हासिल की।

**10. विश्व अंगदान दिवस प्रति वर्ष कब मनाया जाता है?**

(A) 12 अगस्त

(B) 13 अगस्त

(C) 10 अगस्त

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- विश्व अंगदान दिवस: 13 अगस्त
- अंगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने और भ्रांतियों को दूर करने के लिए प्रति वर्ष 13 अगस्त को विश्व अंगदान दिवस मनाया जाता है।
- विषय: 'आंसरिंग द कॉल'
- रोनाल्ड ली हेरिक 1954 में अपने जुड़वां भाई को अपनी किडनी दान करने वाले पहले व्यक्ति थे, जिससे यह पहला सफल अंग प्रत्यारोपण हुआ।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में राजस्थान में कामां महोत्सव का आयोजन कब किया जाएगा?**

(A) 19 से 21 अगस्त 2025

(B) 16 से 17 अगस्त 2025

(C) 15 से 18 अगस्त 2025

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ **जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)**

🎯 **2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)**

⬛ **अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook**

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine